खंड III

औषधीय पादप उत्पादों के लिए स्वैच्छिक प्रमाणन स्कीम
प्रमाणन मानदंड

0. प्रयोजन

इस अभिलेख में उन ज़रूरतों का उल्लेख किया गया है जो औषधीय पादप उत्पादों के लिए स्वैच्छिक प्रमाणन स्कीम (VCS MPP) के अंतर्गत प्रमाणन की प्राप्ति के लिए आवश्यक हैं।

1. प्रमाणन के स्तर

प्रमाणन प्रत्येक स्तर के लिए उल्लेखित आवश्यकताओं के अनुसार ग्राहक की जरूरतों के आधार पर निम्न स्तरों के लिए प्राप्त किया जा सकता है :

I. स्तर 1: उत्पादकों के लिए अनुलग्नकA के अनुसार गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज़ (GAP) तथा संग्राहकों के लिए अनुलग्नकB के अनुसार गुड फील्ड कलेक्शन प्रैक्टिसेज़ (GFCP)अनुपालन में तथा साथ ही साथ आवश्यकतानुसार TLC प्रोफाइलिंग के द्वारा प्रजातियों की पहचान तथा प्रदूषकों के लिए परीक्षण (अनुलग्नकA : प्रदूषकों के स्वीकार्य स्तर)

II. स्तर 2: स्तर 1 की ज़रूरतों + औषधीय पौधों के लिए API/UPI/HPI इत्यादि के अनुसार ज़रूरतों के अनुपालन में